सार-समाचार

पूर्व केंद्रीय मंत्री व किसान नेता राजेश पायलट की जयंती आज

अजमेर, (कासं)। शहर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष विजय जैन ने बताया कि पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं किसान नेता राजेश पायलट की जयंती मंगलवार 10 फरवरी को प्रातः 11 बजे केसरगंज स्थित कांग्रेस कार्यालय में मनाई जाएगी। जयंती के अवसर पर पुष्पांजलि कार्यक्रम एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें राजेश पायलट के देश और किसानों के लिए किए गए योगदान पर चर्चा होगी। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसजन, पूर्व विधायक, प्रदेश एवं जिला पदाधिकारी, पूर्व पार्षद और कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

मानव सेवा समिति ने जेएलएन अस्पताल में मृत रोगियों हेतु चादर भेंट की

अजमेर(कासं)। मानव सेवा समिति द्वारा जवाहरलाल नेहरू अस्पताल के हृदय रोग विभाग में एक सराहनीय सेवा कार्य किया गया। समिति ने बाहर से उपचार के लिए लाए गए गंभीर रोगियों, जिनकी रास्ते में मृत्यु हो जाती है, उनके लिए चादर भेंट की। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष अशोक छाजेड़ ने बताया कि हृदय रोग विभाग में काफी समय से इस उद्देश्य के लिए सफेद चादरों की कमी थी। चिकित्सक लोकेश अग्रवाल की प्रेरणा से मानव सेवा समिति ने जनसेवा के तहत यह कार्य किया है। कार्यक्रम में महामंत्री कमल गंगवाल, प्रवक्ता विजय पांड्या, मीना शर्मा, संजय कुमार जैन, ईसीजी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी चन्द्रमुखी चौधरी सहित अस्पताल का स्टाफ उपस्थित रहा। सभी ने समिति के इस सेवा भाव की सराहना की।

महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम विद्यालय में शैक्षणिक सामग्री वितरित

अजमेर, (कासं)। महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम विद्यालय, नाका मदार, अजमेर में समाजसेवी शौर्य जयपाल और निवेदिता जैन के नेतृत्व में कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों को कॉपियां, कलम-पेंसिल सेट, स्केच रंग सहित अन्य शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम विद्यालय की संस्था प्रधान दीप्ति पंचोली की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इसका उद्देश्य जरूरतमंद विद्यार्थियों को आवश्यक शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध कराकर उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना रहा। इस अवसर पर शौर्य जयपाल ने कहा कि शिक्षा समाज के विकास की सबसे मजबूत नींव है और बालिका शिक्षा को प्राथमिकता देना समय की आवश्यकता है। कार्यक्रम में इंदिरा सुनिया, मनीष सेन, चंद्रेश सुनिया सहित विद्यालय का शिक्षक-शिक्षक स्टाफ उपस्थित रहा। सभी ने इस पहल को प्रेरणादायक बताया।

विधायक ने किया वार्ड 23 में 60 लाख रुपये के विकास कार्यों का शुभारंभ

विधायक भदेल ने विधिवत पूजा-अर्चना कर शिलान्यास किया।

■ क्षेत्र के कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों द्वारा यह सुझाव दिया गया था कि पेवर ब्लॉक के स्थान पर सीसी सड़क बनाई जाए, ताकि बरसात के मौसम में बार-बार क्षति न हो

अजमेर, (कासं)। अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल ने सोमवार को वार्ड संख्या 23 में लगभग 60 लाख रुपये की लागत से होने वाले दो प्रमुख सीसी सड़क निर्माण कार्यों का विधिवत पूजा-अर्चना कर शिलान्यास किया। इनमें 30 लाख रुपये की लागत से बालिका विद्यालय के पास आंगनबाड़ी के सामने वाली गली से बच्चों के पुराने श्मशान होते हुए अधिवक्ता बालकिशन सैनी के मकान तक सीसी सड़क निर्माण तथा 30 लाख रुपये की लागत से राजेन्द्र के मकान से रामबाग चौराहे तक सीसी सड़क निर्माण कार्य शामिल हैं। इस मौके पर विधायक अनिता भदेल ने क्षेत्रवासियों से संवाद करते हुए बताया कि पूर्व में इन सड़कों का निर्माण कराया गया था, लेकिन समय के साथ-साथ वे जगह-जगह से क्षतिग्रस्त हो गई थीं। इससे स्थानीय लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। क्षेत्र के कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों द्वारा यह सुझाव दिया गया था कि पेवर ब्लॉक के स्थान पर सीसी सड़क बनाई जाए, ताकि बरसात के मौसम में बार-बार क्षति न हो। इसी मांग को ध्यान में रखते हुए सार्वजनिक निर्माण विभाग के माध्यम से सीसी सड़क निर्माण का निर्णय लिया गया उन्होंने कहा कि ये सड़कें मुख्य मार्गों को जोड़ने वाली हैं और इन पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन होता है। नई सीसी सड़कों के निर्माण से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि बारिश के दिनों में जलभराव की समस्या से भी राहत मिलेगी। विधायक भदेल ने बताया कि चुनाव के दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों से इन सड़कों के निर्माण का वादा किया था। आवश्यक स्वीकृतियां दिलाकर अब इन कार्यों का शुभारंभ किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि निर्माण पूर्ण होने के बाद क्षेत्रवासियों को बेहतर और टिकाऊ सड़क सुविधा उपलब्ध होगी। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष रविन्द्र सिंह जादौन, आर्य मंडल अध्यक्ष भवानी सिंह जेदिया, मंडल महामंत्री गोविन्दराज, विनोद साधवानी, मोहन लालवानी, हेमंत सुनारीवाल, अनुज चौहान, सीताराम शेरा, विजय गोयर, अटल शर्मा, गोरधन, रोहित तम्बोल, लोकेश लॉयड, पारसनाथ, सुरेश खोरवाल, संजय नाथानी, ओमप्रकाश बाकोलिया, घनश्याम खत्री, संदीप धारीवाल, हेमंत जावा सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

अग्रवाल पंचायत गंज धड़ा समिति की कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न

■ संस्था की कार्यकारिणी का विस्तार और विभिन्न समितियों का गठन

अजमेर,(कासं)। अग्रवाल पंचायत गंज धड़ा समिति अजमेर की नव निर्वाचित कार्यकारिणी की प्रथम बैठक संस्था अध्यक्ष कैलाशचंद गोयल की अध्यक्षता में अग्रसेन भवन, पथिक मार्ग, शास्त्री नगर अजमेर में सम्पन्न हुई। बैठक में कार्यकारिणी का विस्तार किया गया तथा विभिन्न समितियों का गठन कर आगामी कार्ययोजना तय की गई।

बैठक का शुभारंभ अग्रसेन भगवान एवं लक्ष्मीकांत भगवान के जयकारों के साथ किया गया। संस्था सचिव प्रदीप बंसल ने गत कार्यकारिणी बैठक की कार्यवाही पढ़कर सुनाई, जिसकी सर्वसम्मति से पुष्टि की गई। इसके पश्चात नवीन पदाधिकारियों को पूर्व पदाधिकारियों द्वारा कार्यभार सौंपा गया।

अध्यक्ष कैलाशचंद गोयल, सचिव प्रदीप बंसल एवं कोषाध्यक्ष अनिल कुमार मित्तल ने निर्विरोध निर्वाचित किए जाने पर सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया तथा संस्था की गतिविधियों में पूर्ण सहयोग का आव्हान किया।

बैठक में रिक्त पदों पर सर्वसम्मति से शैलेंद्र अग्रवाल को उपाध्यक्ष तथा बालकिशन मित्तल को सहसचिव मनोनीत किया गया। विशेष आमंत्रित सदस्यों के रूप में प्रदीप अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल एवं रमेशचंद मालवीय को शामिल किया गया।

विभिन्न समितियों का गठन करते हुए मंदिर प्रबंधन समिति में राजेंद्र प्रसाद मित्तल, ओम प्रकाश गर्ग गोटा वाले एवं विनोद अग्रवाल, भवन प्रबंधन समिति में अनिल कुमार गर्ग, दिनेश गोयल एवं हरिकिशन कोठयारी तथा संविधान संशोधन समिति में राजेंद्र प्रसाद मित्तल, शैलेंद्र अग्रवाल एवं प्रवीण अग्रवाल को मनोनीत किया गया। बैठक में संस्था के भावी कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा कर कार्ययोजना तैयार की गई। संचालन सचिव प्रदीप बंसल ने किया तथा अंत में अध्यक्ष कैलाशचंद गोयल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

विद्यालय निरीक्षण के दौरान अव्यवस्थाओं पर विधायक भदेल ने जताई नाराजगी

■ अनिता भदेल ने राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, पहाड़गंज का औचक निरीक्षण किया

अजमेर, (कासं)। अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल ने सोमवार को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, पहाड़गंज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर, कक्षा-कक्षों एवं अन्य व्यवस्थाओं में पाई गई कमियों पर उन्होंने विद्यालय प्रशासन के प्रति नाराजगी व्यक्त की। विधायक भदेल ने विद्यालय की साफ-सफाई व्यवस्था पर असंतोष जताते हुए कहा कि कक्षा-कक्षों की नियमित सफाई नहीं हो रही है। कंप्यूटर प्रयोगशाला में कंप्यूटर मॉनीटर और उपकरणों पर धूल-मिट्टी जमी हुई पाई गई। उन्होंने प्रधानाचार्य एवं विद्यालय स्टाफ को निर्देश दिए कि परिसर एवं कक्षा-कक्षों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए तथा कंप्यूटर प्रयोगशाला को स्वच्छ रखा जाए, ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण कंप्यूटर शिक्षा मिल सके।

उन्होंने विद्यालय की पेयजल व्यवस्था की भी समीक्षा की और पानी की टंकियों की नियमित सफाई कराने के निर्देश दिए, जिससे छात्राओं को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो सके। विधायक भदेल ने कहा कि सरकार द्वारा विद्यालयों के लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध कराया जाता है। इसके बावजूद यदि अव्यवस्थाएं बनी रहती हैं तो यह गंभीर विषय है। उन्होंने निर्देश दिए कि उपलब्ध बजट का सही उपयोग विद्यालय के विकास, रख-रखाव एवं स्वच्छता पर किया जाए।

शहरवासियों में दिखा जबरदस्त उत्साह

भीलवाड़ा (निसं)। भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी की खेल विकास योजना के अंतर्गत नन्हें खिलाड़ी शौर्य गुरनानी के जन्मदिन के उपलक्ष में कन्या महाविद्यालय के खेल मैदान पर आयोजित हूला हूप (रिंग घुमाओ) प्रतियोगिता उत्साहपूर्वक संपन्न हुई। प्रतियोगिता में शहरभर के करीब 200 बच्चों के साथ अभिभावकों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया।

खेलेंगे तो खिलेंगे पहल के तहत योजना के 6 सेंटरों के खिलाड़ियों सहित बड़ी संख्या में शहरवासियों ने दोपहर 1:00 बजे से शाम 6:30 बजे तक चले इस आयोजन का आनंद उठाया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक कार्यालय से बाबूलाल टांक, दिलीप सोनी, दिनेश सुथार, पृथ्वीराज सिंह चौहान एवं खेल विकास योजना संयोजक विवेक निमावत द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। आयोजन सचिव दिनेश सोलंकी और मनीषा सोलंकी ने बताया कि समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में केन ऑक्सफोर्ड स्कूल के निदेशक गौरव तोलम्बिया उपस्थित रहे। उन्होंने अभिभावकों के साथ मिलकर विजेता खिलाड़ियों को मेडल, सर्टिफिकेट एवं ट्रॉफियां प्रदान कीं।

शिव मंदिर में हल्दी रस्म और पीले चावल की परंपरा निभाई गई

अजमेर, (कासं)। महाशिवरात्रि के पावन पर्व को लेकर पूरे शहर में उत्साह का माहौल बना हुआ है। शिव भक्त जोर-शोर से तैयारियों में जुटे हुए हैं। इसी कड़ी में अजमेर शहर के वैशाली नगर स्थित सेंट स्टीफन शिव मंदिर में धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला की शुरुआत हो चुकी है।

इसी क्रम में आज महिलाओं द्वारा प्रथम पूज्य श्रीगणेश जी भगवान को पीले चावल के साथ निमंत्रण दिया है। मंदिर परिसर में परंपरागत रीति-रिवाजों के अनुसार घोड़ा पार्वती और भगवान भोलेनाथ को पीले चावल अर्पित किए गए। यह रस्म भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह से जुड़ी मान्यताओं का प्रतीक मानी जाती है। हल्दी की रस्म में महिलाओं ने किया नृत्यः इस अवसर पर मंदिर में हल्दी की रस्म भी बड़े ही धूमधाम से संपन्न हुई। महिलाओं ने पारंपरिक गीतों पर नृत्य किया और पूरे उत्साह के साथ हल्दी का रस्म निभाई।

मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल और उल्लास से गूंज उठा। महिलाओं ने दी आगामी धार्मिक कार्यक्रमों की जानकारीः कार्यक्रम में शामिल महिलाओं ने बताया कि हल्दी की रस्म के बाद विभिन्न धार्मिक रस्में अदा की जाएंगी। ये सभी आयोजन महाशिवरात्रि के पावन पर्व तक लगातार जारी रहेंगे।

परीक्षा सामग्री वाहनों को कुलगुरु ने दिखाई हरी झंडी

अजमेर, (कासं)। महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर में सत्र 2025-26 की स्नातक एवं स्नातकोत्तर वार्षिक परीक्षाओं के सफल आयोजन की तैयारियां शुरू हो गई हैं। विश्वविद्यालय की परीक्षाएं 11 फरवरी 2026 से प्रारंभ होंगी। इसी क्रम में 9 फरवरी 2026 को प्रातः गणेश पूजन एवं पूजा-अर्चना के पश्चात कुलगुरु सुरेश कुमार अग्रवाल ने विश्वविद्यालय परिसर से प्रश्नपत्र एवं परीक्षा सामग्री ले जाने वाले वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये वाहन अजमेर संभाग के विभिन्न परीक्षा केंद्रों नागौर, टोंक, भीलवाड़ा, ब्यावर, कुचामन-डीडवाना और अजमेर के लिए भेजे गए हैं।

'पशुपालकों के अधिकारों की आवाज बने रामचन्द्र चौधरी'

■ बजट 2026-27 में ठोस निर्णय की मांग को लेकर मुख्यमंत्री से नेता प्रतिपक्ष तक को पत्र

अजमेर,(कासं)। राजस्थान में पशुपालन एवं दुग्ध सहकारी संस्थाओं से जुड़े लाखों पशुपालकों की समस्याओं को लेकर अजमेर डेयरी अध्यक्ष रामचन्द्र चौधरी ने एक बार फिर मजबूती से अपनी आवाज उठाई है। उन्होंने आगामी राज्य बजट 2026-27 में पशुपालकों के हित में ठोस निर्णय की मांग करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली तथा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा को विस्तृत पत्र भेजा है।

रामचन्द्र चौधरी ने पत्र में उल्लेख किया कि राजस्थान की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ पशुपालन है, इसके बावजूद पशुपालकों एवं दुग्ध सहकारी संस्थाओं की समस्याओं को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पूर्व में कई बार पत्र, ज्ञापन एवं प्रतिवेदन दिए जाने के बावजूद अधिकांश मांगें आज भी लंबित हैं, जिससे पशुपालकों में निराशा व्याप्त है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में लगभग 13 हजार दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियां, 23 जिला दुग्ध संघ तथा राजस्थान दुग्ध संघ वर्तमान में गंभीर आर्थिक एवं प्रशासनिक समस्याओं से जूझ रहे हैं। मिड-डे मील योजना एवं अमृत आहार योजना के अंतर्गत सप्लाई किए गए दुग्ध पाउडर की लगभग 300 करोड़ रुपये की बकाया राशि अब तक नहीं मिलने से सहकारी संस्थाओं की आर्थिक स्थिति कमजोर हो रही है।

रामचन्द्र चौधरी ने मांग की कि डेयरी एवं पशुपालन को कृषि में सम्मिलित किया जाए, जिससे पशुपालकों को किसानों के समान आपदा प्रबंधन एवं अन्य योजनाओं का लाभ मिल सके। साथ ही उन्होंने जिला दुग्ध संघों एवं राजस्थान दुग्ध संघ में 2500 रिक्त पदों पर भर्ती, राजस्थान डेयरी सेवा के गठन, बेसहारा पशुओं की समस्या के स्थायी समाधान की आवश्यकता पर जोर दिया।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड से 900 रुपये प्रति डोज की दर से मंगवाया जा रहा सेक्स-सॉर्टेड सीमेन जिला संघों पर भारी आर्थिक बोझ डाल रहा है। उन्होंने बस्सी फार्म से पंचायत स्तर तक निःशुल्क सेक्स-सॉर्टेड सीमेन उपलब्ध कराने की मांग की। इसके अलावा दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्रों के आधुनिकीकरण के लिए 5000 करोड़ रुपये का प्रावधान तथा पंचायत स्तर के पशु चिकित्सालयों में चिकित्सक एवं स्टाफ की शीघ्र भर्ती की मांग भी रखी।

NAME CHANGE

I Laxmi Mother of Army No. 15804758W, GNR(DMT), Chanchalkar Ajay Chokhe Residing at Vill & Po:- Gadegaon, Teh:- Warud, Distt:- Amravati, Maharashtra, Pin:-444906 have change my name from Laxmi to Lakshmi Chokhe Chanchalkar vide affidavit no. CA 331674 dt 07/02/2026 at court campus Nasirabad

NAME CHANGE

I Sabita Debi, Wife of Army No.14872327M, NK(MT), Ajay Kumar Residing at Holupura, Isai Gopalpur, Mainpuri, U.P. 205263 have change my name from Sabita Debi to Sabita Kumari, vide affidavit no CA 924920 dt 09/02/2026 at court campus Nasirabad

कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, अजमेर

क्रमांक : 2155 — जाहिर आम सूचना — दिनांक-06-2-26

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 1-ई-25 किशनगढ़ क्षेत्रफल 120.00 व.मी. मृत आवंटी श्री पंकज गंगवाल पुत्र श्री सुरेश चन्द गंगवाल को आंवटित कर दिनांक 02.04.2009 को उक्त आवास का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। आवंटी श्री पंकज गंगवाल पुत्र श्री सुरेश चन्द गंगवाल द्वारा दिनांक 27.09.2010 को उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त आवास का पंजीयन करवा लिया गया। पंजीयन पक्षात श्री पंकज गंगवाल पुत्र श्री सुरेश चन्द गंगवाल द्वारा आवास का बेचान श्री किशोर तिलोकानी पुत्र श्री गोविन्दराम एवं श्री मुकेश तिलोकानी पुत्र श्री किशोर तिलोकानी को दिनांक 27.09.2010 को कर दिया गया। मण्डल द्वारा दिनांक 28.10.2010 को श्री किशोर तिलोकानी व श्री मुकेश तिलोकानी के पक्ष में नामान्तरण के आदेश जारी किये गये। श्री किशोर तिलोकानी व श्री मुकेश तिलोकानी द्वारा आवास का बेचान श्रीमती रजनी अग्रवाल पत्नि श्री भागीरथ अग्रवाल को दिनांक 14.03.2012 को कर दिया गया। श्रीमती रजनी अग्रवाल पत्नि श्री भागीरथ अग्रवाल द्वारा आवास का बेचान श्री मुकेश कुमार सिंघल एवं श्री अरविन्द कुमार सिंघल पुत्रगण स्व. श्री हनुमान प्रसाद सिंघल को दिनांक 27.12.2012 को कर दिया गया। मण्डल द्वारा श्री मुकेश कुमार सिंघल एवं श्री अरवि न्द कुमार सिंघल के पक्ष में दिनांक 18.06.2013 को नामान्तरण के आदेश जारी किये गये। श्री मुकेश कुमार सिंघल की मृत्यु दिनांक 09.02.2024 एवं उनकी पत्नि श्रीमती अंजु देवी पत्नि श्री मुकेश कुमार सिंघल की मृत्यु दिनांक 14.11.2021 को हो जाने के कारण उनकी पुत्री सुश्री मेघा अग्रवाल पुत्री स्व. श्री मुकेश कुमार सिंघल द्वारा रजिस्टर्ड हकत्याग पत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास 1-ई-25, किशनगढ़ में श्री मुकेश कुमार सिंघल का 1/2 भाग स्ववं के पक्ष में मृत्यु पश्चात आवास हस्तान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। सुश्री मेघा अग्रवाल पुत्री स्व. श्री मुकेश कुमार सिंघल एवं श्री पीयूष पुत्र स्व. श्री मुकेश अग्रवाल के पक्ष में रजिस्टर्ड हकत्याग पत्र प्रस्तुत किया गया है। अब सुश्री मेघा अग्रवाल पुत्री स्व. श्री मुकेश कुमार सिंघल ने उक्त आवास से संबंधित मृत्यु हस्तान्तरण प्रपत्र प्रस्तुत कर 1/2 भाग स्ववं के नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। सुश्री मेघा अग्रवाल पुत्री स्व. श्री मुकेश कुमार सिंघल का नाम मण्डल रिकॉर्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचार धीन है। अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर आम सूचना की, विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उपरावरी/आपत्ति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पर बाद कोई आपत्ति वीकार नहीं होगी नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी। -सहायक प्रशासनिक अधिकारी राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड- अजमेर

न्यायालय तहसीलदार केकड़ी, जिला अजमेर

क्रमांक/भू.अ./2025/15 — आपत्ति आमंत्रण सूचना — दिनांक-05-02-26

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सांवरलाल पुत्र श्री मगना जाति गुर्जर निवासी भीमडावास तहसील केकड़ी जिला अजमेर ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर न्यायालय श्रीमान अतिरिक्त जिला कलक्टर महोदय केकड़ी के निर्णय दिनांक 26.06.2025 की पालना में ग्राम भीमडावास के खाता सं. 234 किता 15 रकबा 8.74 है. व खाता सं. 21 किता 01 रकबा 1.09 है. भूमि में नोसी पत्नि हेमराज जाति गुर्जर निवासी भीमडावास द्वारा रजिस्टर्ड हकत्याग पत्र दिनांक 13.06.2024 अनुसार प्रार्थी के नाम नामान्तरण खोलने बाबत निवेदन किया है। ग्राम भीमडावास की वर्तमान जमाबन्दी के खाता सं. 234 किता 15 रकबा 8.74 है. व खाता सं. 21 किता 01 रकबा 1.09 है. भूमि में नोसी पत्नि हेमराज निवासी भीमडावास द्वारा उक्त खातों में अपना सम्पूर्ण हिस्सा रजिस्टर्ड हकत्याग पत्र दिनांक 13.06.2024 से भैरूलाल पुत्र हेमराज व सांवरलाल पुत्र मगन के पक्ष में रिलीज किया था जिसका नामानतरा सं. 1588 दर्ज होकर खारिज हो चुका है। जिसकी अपील न्यायालय श्रीमान अतिरिक्त जिला कलक्टर महोदय केकड़ी में की गई। न्यायालय के प्रकरण सं. 155/2024 उनवान सांवरलाल बनाम नोसी देवी व अन्य में निर्णय दिनांक 26.06.2025 से नामान्तरण सं. 1588 दिनांक 25.07.2024 को खारिज किये जाने के आदेश को निरस्त किया जाकर अपीलान्ट/पक्षरान को साक्ष्य एवं सुनवाई का समुचित प्रदान करते हुए दस्तावेजी साक्ष्य का भली भांति अवलोकन व अध्ययन कर नये सिरे से निर्णय पारित करने का निर्णय हुआ। उक्त खाता नम्बरान पर रजिस्टर्ड हकत्याग गृहिता के पक्ष में नामान्तरण खोले जाने बाबत प्रकरण संख्या 06/2025 राजस्थान भू०रा० अधिनियिम 1956 की धारा 135 (2) के अन्तर्गत इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः पंजीकृत रजिस्टर्ड हकत्याग पत्र के आधार पर श्री सांवरलाल पुत्र श्री मगना व श्री भैरूलाल पुत्र हेमराज जाति गुर्जर निवासी भीमडावास तह. केकड़ी के पक्ष में नामान्तरण किये जाने में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो आपत्ति कारण/विवरण सहित इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर स्वयं/प्लीडर के उपस्थित होकर अधोहस्ताक्षतरकर्ता के समक्ष साक्ष्य प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद गुजरने पर कोई आपत्ति नहीं ली जाएगी तथा विधि सम्मत आदेश पारित कर दिये जायेंगे। सुचित रहे। -तहसीलदार केकड़ी

आम सूचना

मेरे दादाजी स्व. हीरा पुत्र बालू जाति जाट निवासी ग्राम दादिया की मृत्यु दिनांक 10.02.2005 को मेरे निवास स्थान पर ग्राम दादिया में हो गई थी। जिसका पूर्व में इन्द्राज ग्राम पंचायत दादिया में नहीं करवाया था। अब मैं मेरे दादाजी स्व. हीरा जाट का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अरांई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने बाबत जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो मय दस्तावेज के साथ 7 दिन में अरांई तहसीलदार के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

- प्रार्थी- गोपाल पुत्र स्व. श्रवण जाट निवासी ग्राम दादिया, तहसील अरांई, अजमेर

आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को यह सूचित किया जा रहा है की मै कालू काठात पुत्र श्री खंगार काठात जाति मेहरात निवासी नूंदी मेन्द्रातान तहसील ब्यावर ने माताजी अहमदी काठात / खंगार जी निवासी नुन्दी मेन्द्रातान जिनका निधन 4 अप्रेल 1983 को नुन्दी मेन्द्रातान में हो गया था। जिनका मृत्यू का रजिस्ट्रार संबंधित कोई भी पंजीयन नहीं करवाया गया था। चूँकि अब मै यह पंजीयन सभी कागजी कार्यवाही के साथ संबंधित विभाग में करवा रहा हूँ किसी भी आम या ख़ास को आपत्ति हो तो सात दिवस के भीतर सूचित करावे।

भवदीय- कालू काठात, मो. 9982925855

NAME CHANGE

I, Army No. 14644700F, Hav, Aruna C V Residing at Vill:- Yedoor, Po:-Hanagal, Teh:- Somwarpet, Distt:- Kodagu, Karnataka, Pin:- 571236 have change my mother's name from Chinnamma H J to Chinnamma vide affidavit no. CA 331686 dt 08/02/2026 at court campus Nasirabad

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी/अन्तरिति द्वारा निष्पादित वसीयतनामें के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

-आम सूचना-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की कोटड़ा बैम्बे योजना के आवासीय/व्यावसायिक भूखण्ड संख्या 31 क्षेत्रफल 40 वर्गगज के आवंटी/अन्तरिति श्री श्यामलाल उतरेजा पुत्र श्री जयदयाल उतरेजा निवासी हरिभाऊ उपाध्याय नगर (विस्तार) की मृत्यु दिनांक 11/04/2021 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा वसीयतनामा (पंजीकृत/अंपजीकृत दिनांक 06/04/2021) सलंग्न कर मृतक द्वारा निष्पादित वसीयतनामें के आधार पर नामान्तरण हेतु श्री राकेश उतरेजा पुत्र स्व. श्री श्यामलाल उतरेजा निवासी हरिभाऊ उपाध्याय नगर (विस्तार) अजमेर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई कार्यवाही स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदको के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

-योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों के पक्ष में संयुक्त नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

-आम सूचना-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की कोटड़ा गैर योजना के आवासीय भूखण्ड संख्या 41 व खसरा संख्या 1070-1071 क्षेत्रफल 329.77 वर्गगज के आवंटी/अन्तरिति श्री शिवदत्त द्विवेदी पुत्र श्री बिहारी लाल जी शर्मा निवासी म.नं. 41 दयानन्द कॉलोनी, रामनगर, अजमरे की मृत्यु दिनांक 10.11.2022 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक के वारिसों क्रमशः सुश्री शकुल द्विवेदी पुत्री श्री शिवदत्त द्विवेदी निवासी सी-122, दयानन्द कॉलेनी, रामनगर, पंचौली चौराहा, अजमेर द्वारा नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। श्री शिवदत्त द्विवेदी द्वारा भूखण्ड संख्या 41 का नगर सुधार न्यास भू-विभाजन प्लान द्वारा क्रमांक 1180 दिनांक 02.06.2010 द्वारा भूखण्ड संख्या 41 ए व 41 बी में भू-विभाजन करवा लिया गया था। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई कार्यवाही स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदको के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी। -योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

-आम सूचना-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की पंचशील नगर योजना के व्यवसायिक भूखण्ड संख्या सी-197 क्षेत्रफल 324.00 वर्ग मीटर के आवंटी/अन्तरिति श्री राजेश कुमार जैन पुत्र श्री समुद्र सिंह जैन की मृत्यु दिनांक 22/12/2025 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक के वारिसों क्रमशः 1. श्रीमती साधना जैन धर्मपत्नी स्व. श्री राजेश कुमार जैन 2. श्री चिराग जैन सुपुत्र स्व. श्री राजेश कुमार जैन व 3. सुश्री छवि जैन सुपुत्री स्व. श्री राजेश कुमार जैन निवासीगण ए-4 छतरी योजना, वैशाली नगर, अजमेर द्वारा अपने सहहिस्सेदार श्रीमती साधना जैन धर्मपत्नी स्व. श्री राजेश कुमार जैन निवासी ए-4 छतरी योजना, वैशाली नगर, अजमेर के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 16.01.2026 के आधार पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई कार्यवाही स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदको के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी। -योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

क्रमांक :नियमन/25-26/2022 — आम सूचना — दिनांक-06.02.26

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अमीन मोहम्मद पुत्र श्री हरि मेरात निवासी रास बाबरा रोड, फतेहगए सल्ला तहसील ब्यावर ने राजस्व ग्राम शोभापुरा के खसरा नं. 73 व 76 में स्थित जानकी वल्लभ कॉलोनी के भूखण्ड संख्या 01 कुल क्षेत्रफल 283.47 वर्गगज भूमि का वाणिज्यक प्रयोजनार्थ भू उपयोग परिवर्तन हेतु आवेदन किया गया है। अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के भीतर-भीतर निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष लिखित में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। अन्यथा बाद मियाद आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

सीमाएँ (साईट प्लान के अनुसार)

पूर्व- रोड 120 फीट — पश्चिम- प्लाट नं. 24 व 25

उत्तर- प्लाट नं. 02 — दक्षिण- अन्य की भूमि — - आयुक्त नगर परिषद, ब्यावर

**कार्यालय चिकित्सा अधिकारी प्रभारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र